**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 16- (क) क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि मनरेगा के अन्तर्गत जनपद महराजगंज में विगत 02 वर्षों से वर्षवार कितनी धनराशि व्यय की गई? | जी हां,<br>मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद महराजगंज में वित्तीय वर्ष 2020-21 में रूपये 33095.76 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 में रूपये 13736.73 लाख धनराशि व्यय की गयी। |
| (ख) क्या अभी भी स्वीकृत परियोजनाएं पूर्ण नहीं हुई हैं? | जी हां,<br>मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद महराजगंज में वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 24615 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 6089 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं व 18526 परियोजनाएं अपूर्ण हैं तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 27266 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 9780 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं व 17486 परियोजनाएं अपूर्ण हैं। |
| (ग) यदि नहीं, तो जनपद महराजगंज में ऐसी कितनी परियोजनाएं हैं जिनके कार्य अभी अधूरे हैं तथा धनराशि का भुगतान करा दिया गया है? | जनपद महराजगंज में ऐसी कोई अधूरी परियोजना नहीं है, जिसका सम्पूर्ण भुगतान करा दिया गया हो। |
| (घ) क्या जिलाधिकारी द्वारा उक्त अधूरी परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया है? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ङ) यदि हाँ, तो कब? | प्रश्न नहीं उठता। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**